दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक
सत्यजय टाईम्स
हिन्दी दैनिक
वर्ष-12, अंक-63 रविवार 05 मार्च, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण
RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज में एन.एस.एस. शिविर का शुभारम्भ

**बल्लभगढ़, 04 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** अग्रवाल कॉलेज एनएसएस की तीनों इकाइयों द्वारा 4 से 10 मार्च तक सात दिवसीय




शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है।

आज सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजकुमार (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एनएसएस एमडीयू, रोहतक) और अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा दीपशिखा प्रज्जवलन के साथ किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य अतिथि प्रो. डॉ.राजकुमार को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। सर्वप्रथम एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष महोदय डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और इस शिविर की सफलता के लिए उन्होंने शुभकामनाएं भी दीं।